7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

महानगर
वर्ष 60 | अंक 104
पृष्ठ : 16
मूल्य : चार रुपये या
पांच रुपये उड़ान सहित

अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 2 मई 2018
amarujala.com

PAGE NO. 07 : MIDDLE

एसआरएमएस के एमबीए छात्रों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सत्र 2017-18 के एमबीए के छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शत-प्रतिशत रहा। प्लेसमेंट में एमबीए के अंतिम सेमेस्टर के सौ प्रतिशत छात्र-छात्राओं का जारो एजूकेशन, विशाल मेगा मार्ट, बर्जर पेंट्स, आईसीआई सिक्योरिटीज इत्यादि कंपनियों में अधिकतम 6.66 लाख रुपये सालाना पैकेज पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों को 27 अवसर कैंपस में, 6 ऑफ कैंपस तथा 8 अवसर पूल कैंपस में प्रदान किए गए थे। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी ट्रस्ट आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक प्रो. सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, विभागाध्यक्ष डॉ. अनंत कुमार श्रीवास्तव, ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल के हेड अनुज कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। **ब्यूरो**